## तामिया-पातालकोट में होगी तेलगू फिल्मों की शूटिंग

### दो फिल्मों को मिला अनुमति पत्र, स्थानीय कलाकारों को मिलेगा मौका



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल और जिला प्रशासन के सहयोग से तामिया-पातालकोट सहित जिले के अन्य दर्शनीय स्थलों पर दो तेलगू फिल्मों की शूटिंग होने जा रही है। दोनों फिल्मों की शूटिंग के लिए लोकोशन तय हो चुकी हैं और प्रशासन से अनुमति के बाद अगले सप्ताह तेलगू कलाकार छिंदवाड़ा आएंगे और करीब 25 दिनों तक शूटिंग में भाग लेंगे।

इन फिल्मों में 150 से अधिक स्थानीय कलाकारों व तकनीकि युवाओं का सहयोग लिया जाएगा जिससे रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। शूटिंग की अनुमति का पत्र जिला पंचायत सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार ने आरबीजी मूवीज के महाप्रबंधक पुरषोत्तम भारद्वाज को प्रदान किया। इस अवसर पर्यटन प्रबंधक गिरीश लालवानी भी उपस्थित थे।

जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत ने बताया कि कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, जिला पंचायत सी.ई.ओ. अग्रिम कुमार, ए.डी.एम. के.सी. बोपचे के विशेष प्रयासों से दोनों फिल्मों की शूटिंग की अनुमति रिकार्ड समय में प्रदान की गई है। दोनों फिल्मों की 80 प्रतिशत शूटिंग तामिया-पातालकोट और चिमटीपुर में सहित अन्य स्थलों पर होगी।

जिला प्रशासन ने फिल्म बनाने वाली टीम को जिले में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित होम स्टे में शूटिंग के लिए अनुरोध किया, इस पर पर्यटन ग्राम काजरा और चिमटीपुर के होम स्टे भी शूटिंग की लोकेशन में शामिल किए गए हैं।

दोनों तेलगु फिल्मों में कार्य करने के लिए करीब 30 कलाकार हैदराबाद से आएंगे और 150 से अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाकर फिल्मों से जोड़ा जाएगा।

मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रचार के साथ मध्य प्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2025 का मुख्य उद्देश्य राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देनाए रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाना, तथा फिल्म निर्माण संबंधी आधारभूत ढांचे में निवेश आकर्षित करना है।

## सिमरिया में गदा यात्रा आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मारूतिनंदन सेवा समिति श्री सिद्ध सिमरिया धाम द्वारा प्रतिवर्षानुसार श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर दिव्य कार्यकम आयोजित किये गए हैं।

मारूतिनंदन सेवा समिति के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि आज 12 अप्रैल दिन शनिवार को प्रात: 8.00 बजे श्री सिद्ध सिमरिया धाम में सुंदरकाण्ड का पाठ आरंभ होगा। शहर के सुप्रसिद्ध सुन्दरकाण्ड ग्रुप द्वारा पाठ किया जायेगा। प्रात: 9.30 बजे श्री हनुमान भक्त कमलनाथ, श्री हनुमान भक्त नकुलनाथ द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, अभिषेक किया जायेगा।



प्रात: 10.00 बजे मोहखेड विकासखंड के भजन मंडलों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी । प्रात: 11.00 बजे महाप्रसाद वितरण तथा संध्या 7.00 बजे से सिमरिया धाम में विशाल भजन संध्या होगी।

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर दशहरा मैदान छिंदवाडा में विशाल दो पहिया वाहन गदायात्रा का आयोजन किया गया है। दोप. 3.00 बजे संगीत रामायण मंडल छिंदवाडा द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ आरंभ किया जायेगा। शाम 4.00 बजे श्री हनुमान भक्त कमलनाथ श्री हनुमान भक्त नकुलनाथ द्वारा गदापूजन कर गदायात्रा का आरंभ किया जायेगा ।

दो पहिया वाहन गदायात्रा दशहरा मैदान से आरंभ होकर श्री अनगढ हनुमान मंदिर, महात्मा गाँधी चौक, स्व. इंदिरा गाँधी तिराहा, स्व. बाबासाहेब अंबेडकर का तिराहा, भगवान परशुराम वाटिका, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, चंदननगर, सर्रा, इमलीखेड़ा, लिंगा, गोरेघाट, चिखली होते हुए श्री सिद्ध सिमरिया धाम में गदा अर्पण की जाएगी ।

मारुतिनंदन सेवा समिति के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि संध्या 7.00 बजे श्री सिद्ध सिमरिया धाम में विशाल भजन संध्या आयोजित की गई है। इस भजन संध्या में देश के सुविख्यात गायक प्रभंजय चतुर्वेदी तथा दिल्ली से पधार रहे धीरजकांत अपने भजनों की समधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे ।

मारूतिनंदन सेवा समिति ने समस्त धर्मप्रेमी हनुमान भक्त तथा समस्त धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक मण्डलों एवं समस्त संस्थाओं से सपरिवार गदायात्रा एवं भजन संध्या में उपस्थित होकर पुण्यार्जन का आग्रह किया है।

### सार समाचार

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में महा आरती व प्रसाद वितरण आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर सेवा समिति तहसील परिषद छिंदवाड़ा में श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह का आयोजन आज 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को अभिषेक एवं हवन प्रात: 5.00 बजे से 7.00 बजे तक, प्रात: 8.00 बजे से 9.00 बजे तक छप्पन भोग लगाया जायेगा एवं संध्या 7 बजे महाआरती के पश्चात महाप्रसाद वितरण रात्रि 8 से 12 तक किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र साहू, सचिव रामकुमार सोनी, कोषाध्यक्ष संकेत मैद, सह कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र विश्वकर्मा, पंडित श्रवण शर्मा, अंकित बघेल, गोल्डी भाई, अक्षय सोनी, कन्हैया पटवा, अनुज जायसवाल ने समस्त सनातनियों से अपील की है इस पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लें और पुण्य प्राप्त करें।

## वक्फ बिल पारित करने के लिए केंद्र का आभार जताया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ज्ञानवापी, मथुरा स्थित कृष्ण जन्म भूमि और धार स्थित भोजशाला के विवाद में सशक्त रूप से पैरवी करने वाले सुप्रीम कोर्ट के मशहूर अधिवक्ता विष्ण शंकर जैन शनिवार को सकल जैन समाज के कार्यक्रम में शामिल होने छिंदवाड़ा आए।

इस दौरान निजी होटल में पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री जैन ने कहा कि वक्फ बिल संसद में पास हो गया। इसके लिए हम केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हैं, लेकिन इस



बिल में अभी भी सुधार की गुंजाइश और इसे लेकर हम संघर्ष जारी रखेंगे। साथ ही समाज को भी जागृत करेंगे। खासकर अभी भी कुछ कानून ऐसे हैं जो सनातन विरोधी हैं, जैसे कि कोई हिंदू पक्ष दो शादी करता है तो ये अपराध है, शादी के लिए भी आयु सीमा है, जबकि ये एक पक्ष के लिए अपराध है दूसरे पक्ष के लिए भी होना चाहिए। इसलिए यूनिफार्म सिविल कोड भी देश में लागू होना चाहिए।

श्री जैन ने आगे कहा कि वक्फ बिल पास होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं लगाई जा रही हैं, लेकिन जब हम इस बिल के विरोध में खड़े हुए थे, तो हमें कहा गया था कि आप सीधे सुप्रीम कोर्ट में याचिका नहीं लगा सकते। हालांकि अब देखना होगा कि सुप्रीम कोर्ट इस मसले पर क्या रुख अपनाती है। वहीं विष्णु जैन से जब पूछा गया कि वो लगातार मंदिरों की जमीन को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा को लेकर कोई खतरा तो नहीं है, इस पर श्री जैन ने कहा कि हम किसी भी धमकी से नहीं डरते बल्कि हम और मजबूती से संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि मंदिरों से सरकारी नियंत्रण खत्म होना चाहिए, इसके लिए भी हम कानूनी प्रक्रिया कर रहे हैं।

## शराब दुकान हटाने को सौंपा ज्ञापन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** चीचली नगरपरिषद की सीमा में नया बाजार खिरका मोहल्ला में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर चीचली के स्थानीय निवासियों ने ज्ञापन सौपा । एस डी एम कार्यालय पहुंचकर बाबा नौशाद अली , रवि मेहरा, अमित चौरसिया, चंद्रभान खेमरे आदि के साथ भाजपा और कांग्रेस नेताओं समेत नगर परिषद चीचली अध्यक्ष शेख मंजूर(बबलू सिंघानिया), उपाध्यक्ष सुधांशु ठाकुर, भाजपा नेता ट्विंकल ताम्रकार, वहीं पार्षदों में श्रीमती राधा बाई, संजय अहिरवार, चंद्रभान राजगोंड, संजू विश्वकर्मा, मनोज शर्मा आदि पार्षदों ने गाडरवारा अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती कलावती व्यारे को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि जो शराब दुकान नया बाजार खिरका मोहल्ला में संचालित है उसके नजदीक दो मंदिर बने हुए हैं। वहीं पास ही में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होता है शराब दुकान के संचालन के कारण आए दिन वहां आपराधिक तत्व शराब पीते हैं और आपराधिक घटनाओं अंजाम देते हैं। वहां से पढ़ने जाने वाले स्कूली छात्रों को शराब दुकान पर हुड़दंगियों के कारण रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने गाडरवारा एसडीएम के साथ चीचली थाने में भी इस मामले में जल्द कार्यवाही करने के लिए आवेदन दिया है।

## बोरिया के किसान सेवक यादव के खेत में सुपर सीडर से मूंग बुआई का प्रदर्शन किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज 11 अप्रैल को कलेक्टर छिंदवाड़ा शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार एव उपसंचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में नरवाई प्रबंधन अंतर्गत विकासखंड छिन्दवाड़ा के ग्राम बोरिया में किसान सेवक यादव के खेत में गेंहू कटाई के बाद सुपरसीडर से मूंग बुआई का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के समय सहायक कृषि यंत्री समीर पटेल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी छिंदवाड़ा श्रीमति श्रद्धा डेहरिया, बीसा संस्थान जबलपुर से दीपेंद्र सिंह ए.ई.ओ. सहित किसान उपस्थित रहे ।



## महिलाएं निकालेंगी दुपहिया वाहन रैली

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आगमी 14 अप्रेल को भारत रत्न संविधान निर्माता अंबेडकर जयंती पर मेहरा डेहरिया समाज के द्वारा भव्य मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी।

मेहरा डेहरिया समाज महिला प्रकोष्ठ की सचिव रैना हारले ने बताया कि हमारी मोटर साइकिल दुपहिया वाहन रैली में पूरे जिले से सैकड़ों वाहनों से भारी तादाद में महिलाएं शामिल होंगी। इसको लेकर हमारी महिला टीम लगातार सभी ब्लाकों में महिलाओं की बैठक आयोजित कर रही है। महिलाएं रैली में शामिल होने को आतुर हैं। सभी महिलाएं बाबा साहेब की जयंती को लेकर उत्साहित हैं।



उन्होंने बताया कि सभी महिलाएं का ड्रेस कोड नीले रंग की साड़ी होगा जो स्कूटी में शहर भ्रमण करते हुऐ कुसमेली मंडी रोड सामाजिक भवन पहुँचेगी। रैली को पोला ग्राउंड (दशहरा मैदान) से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक, अंबेडकर तिराहा, बस स्टैंड, मानसरोवर काम्प्लेक्स के सामने से होती हुई यातायात पुलिस थाने के सामने से चार फटक नरसिंहपुर रोड से कुसमेली मंडी रोड स्थित सामाजिक भवन पहुच कर जहां सभा आयोजित होगी।

इसके मुख्यातिथि जिले के सांसद विवेक बंटी साहू विशेष अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह, दीपक सक्सेना, महापौर विक्रम आहाके, जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, निगम अध्यक्ष सोनू मागों होंगे।

## आस्था का बड़ा केंद्र है जामसावली का हनुमान मंदिर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के पांढुर्णा जिले में स्थित जामसांवली का हनुमान मंदिर श्रद्धा और आस्था का प्रसिद्ध केंद्र है। यह मंदिर सौंसर तहसील मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर, नागपुर-छिंदवाड़ा नेशनल हाईवे पर बजाज चौक से पांढुर्णा मार्ग पर एक किलोमीटर की दूरी पर सांवली में स्थित है। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां पीपल के पेड़ के नीचे विश्राम अवस्था में विराजमान हनुमान जी की श्रीमूर्ति है, जिनकी नाभि से पवित्र जल प्रवाहित होता है।

**ऐतिहासिक मान्यताएं और रहस्य**

जामसांवली मंदिर के संबंध में कई किवदंतियां हैं। जनश्रुतियों के अनुसार- इस स्थान पर हनुमान जी की श्रीमूर्ति स्वयं-भू प्रकट हुई थी। इस तरह की लेटी हुई और ऊर्ध्वमुखी प्रतिमा संपूर्ण भारतवर्ष में कहीं और देखने को नहीं मिलती है, जो इसे अत्यंत विशिष्ट बनाती है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार प्रारंभ में हनुमान जी की प्रतिमा खड़ी अवस्था में थी। वर्षों पूर्व कुछ चोरों ने प्रतिमा के नीचे खजाना छिपे होने की अफवाह के कारण इसे हटाने का प्रयास किया। इसी दौरान मूर्ति अपने स्थान से हिली नहीं, बल्कि अपने-आप विश्राम अवस्था में लेट गई। कई प्रयासों के बावजूद मूर्ति को हिलाया नहीं जा सका, यहां तक कि 20 बैलों की सहायता से भी मूर्ति को टस से मस नहीं किया जा सका।

मंदिर के इतिहास के बारे में कोई प्रमाणिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, लेकिन लगभग 100 वर्ष पूर्व के राजस्व अभिलेखों में यहां हनुमान जी की उपस्थिति का उल्लेख मिलता है। कुछ लोगों का मानना है कि भगवान श्रीराम इस स्थान पर पीपल के पेड़ के रूप में विराजमान हैं, जबकि हनुमान जी उनके चरणों में लेटे हुए हैं।

हनुमान जी की इस श्रीमूर्ति की एक अन्य विशेषता यह है कि उनकी नाभि से निरंतर जल प्रवाहित होता रहता है। इस जल के बारे में मान्यता है कि इसके सेवन से असाध्य रोगों का उपचार संभव है। श्रद्धालु इस जल को आस्था के साथ ग्रहण करते हैं और कई लोग इसे अपने घर भी ले जाते हैं।

**मानसिक रोगियों के लिए आस्था का केंद्र**

जामसांवली का श्री हनुमान मंदिर मानसिक रोगियों के उपचार के लिए भी विशेष रूप से प्रसिद्ध है। यहां मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों से भी हजारों मानसिक रोगी अपने परिजनों के साथ आते हैं। परिजनों का विश्वास होता है कि मंदिर परिसर में ठहरने और पूजा-अर्चना करने से रोगी स्वस्थ हो जाएगा।

हालांकि मानसिक रोगियों को उचित उपचार की आवश्यकता को देखते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा मंदिर परिसर में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र संचालित किया जा रहा है। इसके तहत जिला प्रशासन के सहयोग से माह के पहले और तीसरे मंगलवार को नि:शुल्क ओपीडी का आयोजन किया जाता है। इस ओपीडी में मनोचिकित्सकों द्वारा रोगियों का परामर्श और इलाज किया जाता है तथा उन्हें मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती हैं। संस्था के प्रयासों से विगत 13 वर्षों में हजारों मानसिक रोगी स्वस्थ होकर सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

**धार्मिक आयोजन और मेला**

जामसांवली हनुमान मंदिर में वर्षभर विभिन्न धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। हनुमान जयंती के अवसर पर यहां विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। इसके अलावा रामनवमी, दीपावली और अन्य धार्मिक पर्वों पर भी मंदिर में विशेष आयोजन होते हैं।

**मंदिर ले रहा है हनुमान लोक का भव्य स्वरूप**

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और आस्था को देखते हुए म.प्र. शासन द्वारा मंदिर परिसर में सुविधाओं का विस्तार करते



हुए हनुमान लोक का निर्माण किया जा रहा है, जिसे उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर भव्य रूप दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में बनाए जा रहे इस भव्य हनुमान लोक परियोजना पर 314 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा में इस परियोजना की घोषणा की थी। तत्पश्चात राज्य शासन ने प्रथम चरण के लिए 35.09 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की थी। इसी के तहत 24 अगस्त 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने हनुमान लोक की आधारशिला रखते हुये भूमि पूजन किया था।

**इस तरह का होगा हनुमान लोक**

भक्तजनों के लिये सर्वसुविधा युक्त हनुमान लोक का कार्य दो चरणों में पूर्ण होगा। पहले चरण के अन्तर्गत मुख्य प्रवेश द्वार एवं प्लाजा का निर्माण, मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर परिसर तक 500 मीटर लंबा चिरंजीवी पथ का निर्माण, चिरंजीवी पथ में हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों की तीन मूर्तियां एवं उनके जीवन चरित्र को दर्शाने वाले म्यूरल्स/कलाकृतियों की स्थापना, पथ के दोनों ओर पक्की दुकानें एवं फूड प्लाजा का निर्माण, तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र का निर्माण, टिकट काउंटर एवं जन सुविधा केंद्र का विकास, परिसर के लैंड स्केपिंग एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में प्रथम चरण का 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसे मई 2025 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

हनुमान लोक के दूसरे चरण में श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, जिसमें भक्ति सागर एवं प्रवचन हॉल का निर्माण, यज्ञशाला का निर्माण, दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग का निर्माण, संस्कृत महाविद्यालय का निर्माण, भोजशाला का निर्माण, धर्मशाला का निर्माण, चिकित्सा केंद्र की स्थापना, अष्ट सिद्धि केंद्र का निर्माण, ओपन एयर थिएटर का निर्माण, वाटर फ्रंट पाथवे का निर्माण, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना, शेष बचे पाथ वे का निर्माण एवं परिसर का सौंदर्यीकरण का कार्य शामिल है।

श्री हनुमान लोक परियोजना के द्वितीय चरण में श्री मूर्ति गर्भगृह का निर्माण भी प्रस्तावित है, जो मंदिर की पारंपरिक आस्था और आधुनिक सुविधा दोनों का समन्वय होगा। मंदिर न्यास द्वारा इस गर्भगृह की डिजाइनिंग और योजना तैयार की जा रही है। यह निर्माण कार्य श्रद्धालुओं को अधिक निकटता से दिव्य अनुभूति प्रदान करेगा और मंदिर की गरिमा में अभूतपूर्व वृद्धि करेगा। द्वितीय चरण के इन कार्यों के लिए अनुमानित लागत लगभग 65.24 करोड़ रुपये होगी।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी पहुंचे मंदिर**

23 मार्च 2025 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जामसांवली श्री हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन किए और प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने हनुमान लोक के निर्माण कार्यों का अवलोकन भी किया और अधिकारियों को मई 2025 तक प्रथम चरण के कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। यह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पांढुर्णा जिले में दूसरा दौरा था, जो पांढुर्णा जिले के विकास और हनुमानलोक परियोजना के प्रति मुख्यमंत्री की गंभीरता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री के दौरे के तुरंत बाद प्रशासन और मंदिर न्यास द्वारा द्वितीय चरण की तैयारियों को मूर्त रूप देने की दिशा में सक्रिय कार्य प्रारंभ किया गया है।

जामसांवली हनुमान मंदिर अपनी आध्यात्मिक महत्ता, चमत्कारी प्रभाव और ऐतिहासिक विरासत के कारण विशेष स्थान रखता है। अब हनुमान लोक के रूप में इसका स्वरूप और अधिक भव्य एवं आकर्षक बन रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मंदिर दौरा और निर्माण कार्यों का निरीक्षण इस बात का प्रतीक है कि प्रदेश सरकार इस धार्मिक स्थल को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में हनुमान लोक देश-विदेश के पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित होगा, जो इस क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को नए आयाम प्रदान करेगा।

# जमीनी स्तर पर संगठन को करेंगे मजबूत : कमलनाथ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा पहुंचे। विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन उपरांत कांग्रेस के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व आमजन ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पुष्प गुच्छ व पुष्पहार भेंट कर कमलनाथ की वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने अगवानी की।

ईमलीखेड़ा हवाईपट्टी पर उपस्थित मीडियाकर्मियों के प्रश्नों के प्रत्युत्तर में कमलनाथ ने अहमदाबाद में सम्पन्न हुए कांग्रेस के अधिवेशन के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा कि पार्टी संगठन को सशक्त करना ही प्रमुख विषय था जिस पर चर्चा की गई।



इस वर्ष संगठन को शक्ति देने पर ही कार्य किया जावेगा जिसमें पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई है। कांग्रेस का कार्यकर्ता आज भी गांव-गांव व बूथ स्तर पर भी पूरी मजबूती के साथ उपस्थिति है। पार्टी को नए स्वरूप व नई ऊर्जा के साथ जमीनी स्तर पर मजबूत किया जाएगा।

कांग्रेस अपनी विचारधारा को गांव-गांव से होकर बूथ स्तर तक लेकर जाएगी। देशहित में कांग्रेस नेताओं का बलिदान, समर्पण व श्रम की गाथा आमजन को सुनाई जाएगी। मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण एकजुट होकर करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे ही अन्य संगठनात्मक विषयों पर अहमदाबाद अधिवेशन में चर्चा हुई।

## ईवीएम मशीन पर नाथ ने उठाए सवाल

कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा में ईवीएम मशीन पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुनिया के विकसित देशों में ईवीएम से चुनाव नहीं होते, जबकि वे भी ईवीएम का उपयोग कर सकते हैं, किन्तु नहीं करते इसके पीछे बड़ा कारण है जो कि सार्वजनिक रूप से स्पष्ट है और इस पर मैंने अनेकों दफा सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका व जापान जैसे विकसित देशों में ईवीएम का इस्तेमाल नहीं करते, क्योंकि इन देशों को पता है कि ईवीएम मशीन से छेड़छाड़ बड़ी ही आसानी से की जा सकती है। इसीलिए वे ईवीएम से चुनाव नहीं कराते।

ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, परासिया विधायक सोहन वाल्मिक, जामई विधायक सुनील उइके, चौरई विधायक सुजीत चौधरी, निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो, शहर अध्यक्ष पप्पू यादव सहित जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस, महिला कांग्रेस, शहर महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एन.एस.यू.आई., कांग्रेस सेवादल, कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, किसान कांग्रेस, कांग्रेस के पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण व आमजन उपस्थित रहे।

# बगैर मुआवजा दिये किसानों की भूमि अधिग्रहण विधेयक किसान विरोधी : कांग्रेस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. सरकार द्वारा विशेष क्षेत्रों में किसानों को बगैर मुआवजा दिये किसानों की भूमि अधिग्रहित किये जाने वाले विधेयक को किसान हित में वापस लिया जाना चाहिये।

जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त विधेयक से उद्योगपतियों को फायदा होगा किसानों के हित प्रभावित होंगे। विधेयक का राजनीतिक रूप से दुरूपयोग होने की पूर्ण संभावना है। विधेयक के तहत सरकार किसी भी क्षेत्र को विशेष क्षेत्र घोषित कर किसानों की जमीन ले सकेगी। किसानों को जमीन के बदले 50 प्रतिशत भूमि विकसित करके दिये जाने का प्रारूप भी स्पष्ट नहीं है।

विधेयक में प्रभावित किसान परिवारों को बाजार मूल्य की कीमत भी अपनी जमीन की नहीं मिल पायेगा, प्रभावित किसानों के परिवारों शासकीय नौकरी देने का भी कोई प्रावधान विधेयक में नहीं किया गया है। जबकि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2013 में पारित नये भूमि अधिग्रहण विधयेक की शर्तो का भी उक्त विधेयक में उल्लंघन किया गया है। किसानों की भूमि प्राधिकरण और अन्य को प्रदान किया जाना गलत हैं।

उक्त विधयेक को किसान हित में वापस लिये जाने हेतु जिला किसान कांग्रेस ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया है।

### सार-समाचार

## 14 अप्रैल को होगा छिन्दवाड़ा विधानसभा क्षेत्र का सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन 14 अप्रैल रविवार को स्थानीय पूजा लॉन परासिया रोड में दोपहर 4 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम प्रमुख रूप से सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं छिंदवाड़ा प्रभारी संतोष पारिख की उपस्थिति में संपन्न होगा। सम्मेलन में छिंदवाड़ा विधानसभा में निवासरत समस्त सक्रिय कार्यकर्ता एवं विधानसभा के समस्त छः मंडलों में निवासरत जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नेतागण आमंत्रित किए गये है। छिंदवाड़ा विधानसभा के समस्त मंडल अध्यक्षगण अंकुर शुक्ला, सौरभ ठाकुर, ओम पटेल, नवीन बारस्कर, लीला बजौलिया एवं रमाकांत पटेल ने समस्त अपेक्षित कार्यकर्ताओं से छिंदवाड़ा विधानसभा सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

भाजपा मंडल महामंत्री ओम चौरसिया ने बताया कि छिंदवाड़ा विधानसभा के समस्त मंडलों में 14 अप्रैल सोमवार को भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जंयती कार्यक्रम मनाया जायेगा। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, समस्त जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नेतागण समस्त छः मंडलों के अध्यक्षों की उपस्थिति में डॉण्अंबेडकर जी की प्रतिमा एवं चित्रों पर माल्यार्पण के साथ ही मिष्ठान वितरण एवं पुष्प अर्पित कर डॉ. अंबेडकर को श्रध्दाजंलि अर्पित की जायेगी। साथ ही नगर निगम क्षेत्र की सेवा बस्तियों में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा कार्य किया जायेगा।

## श्री रूद्रात्मक हनुमान मंदिर में 108 जोड़ों ने की सत्यनारायण कथा आज हनुमान जंयती पर होंगे विशेष अनुष्ठान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रूद्र परिवार सेवा समिति के द्वारा श्री रूद्रात्मक हनुमान मंदिर कोष्टीपुरा, पुराना छापाखाना में रामनवमीं से लेकर हनुमान जन्मोत्सव तक विविध आयोजन किये जा रहे है। शुक्रवार को 108 जोड़ो की निःशुल्क श्री सत्यनारायण कथा पंडित अजय रत्नाकर पांडे द्वारा कराई गई। इस कार्यक्रम में मौजूद धर्म प्रेमियों एवं लोगों द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ की गई और उनके द्वारा बताया गया कि उन्हें आनंद की अनुभूति हुई।

संस्था के संस्थापक रितेश रत्नाकर पांडे एवं विशेष सहयोगी जितेन्द्र सोलंकी ने बताया कि 12 अप्रैल दिन शनिवार को श्री रूद्रात्मक हनुमान मंदिर में प्रकटोत्सव मनाया जायेगा। जिसमें ब्रम्हमुहुर्त प्रातः 4 बजे से 6 बजे तक श्री हनुमान जी का प्रकटोत्सव मनाया जायेगा। प्रातः 6 बजे जन्म आरती व रूद्राभिषेक होगा, प्रातः 8:30 बजे से हवन पूजन, प्रातः 11 बजे महाआरती, दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक महाप्रसाद भंडारा आयोजन होगा। सायं 7 बजे से 9 बजे तक संगीतमय सुन्दरकांड एवं भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि रूद्र परिवार द्वारा 31 जुलाई 2023 को निःशुल्क 13 करोड़ राम नाम जाप का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम में लगभग 80 से 90 हजार लोगों ने भाग लिया था। वहीं अप्रैल 2019 में 2100 जोडें निःशुल्क सत्यनारायण कथा में शामिल हुये थे। शुक्रवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेन्द्र पांडे, कमलेश आसोडिया, सुधीन्द्र गुप्ता, विवेक ठाकुर, अनिल मालवी, सौरभ गढ़ेवाल, सिध्दार्थ सदाफ्ल, महेन्द्र सिंह चौहान, बलराम बारापात्रे, बैजनाथ कस्तूरे, चिंतामन ठाकरे, कमलाकर साबले, कुंदन कोल्हेकर, योगेश्वर कोल्हेकर, अनिकेत कोल्हेकर, विनीत घोगरे, राजू पांडे, अमृता रितेश पांडे, सपना गुप्ता, गीता सोलंकी, अंजना साहू, करूणा ठाकरे, सरिता बारापात्रे, मेघना ठाकुर, संध्या टांक, प्रतिमा साबले, हेमलता कोल्हेकर, जया मालवी, संगीता आसोडिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# जल का दुरुपयोग रोकने को लगाई चित्र प्रदर्शनी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल के महत्व को जन जन तक पहुचाने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के सेक्टर क्रमांक 1 की नवांकुर संस्था मानव जन कल्याण सेवा समिति के द्वारा जनपद पंचायत के परिसर मे जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन मे किया गया।



इस अवसर पर परामर्शदाता श्यामल राव ने उपस्थित जनो को बताया की भीषण गर्मी मे जल का स्तर गिर जाने की वजह से पीने योग्य पानी की कमी रहती है यदि हम प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं नलो से मिलने वाले पानी जिसका की संरक्षण किया जाना चाहिए। हम जल किस तरह से बरबाद करते है पर आधारित कार्टूनिस्ट राजकुमार चौहान के द्वारा जनहित पर बनाये गये जल का दुरूपयोग को कैसे संरक्षित करना है पर आधारित चित्रों का प्रदर्शन कर जल की उपयोगिता से अवगत कराया।

वहीं घरेलू बोर, हैंडपंप व कुए के पानी का किस तरह से संरक्षण जैसे कई नुख्से बताए और कहा कि जहां एक ओर गर्मी के समय भीषण जल संकट से जूझते रहते है। उसी तरह बरसात में पानी बचाने के लिए कोई अथक प्रयास नहीं किया जाता। यदि हम बरसात के पानी को सहेजकर रखें तो हमारा ग्राम खुशहाल बन सकता है।

विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम एवं मानव जन कल्याण समिति के सचिव मनोज जैन ने बताया की मनुष्य के जीवन जीने के लिए पानी का संरक्षण कंही ज्यादा आवश्यक होता है। इसलिए हम सब मिलकर पानी के महत्व को समझते हुये सहेजकर रखें। यदि हम जल को अभी से रोककर रखेंगे तो आने वाले समय मे संकट से बच पाएंगे।

इसके लिए हम ग्राम का पानी गांव मे की परिकल्पना को साकार करने हमे बेकार बहने वाले नल के पानी को बचाने के लिए टोटी लगाएं। कार्यक्रम उपरांत जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

# महावीर भगवान के उद्घोष से गूंजा सिंगोड़ी, धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में रजत पालकी जी की शोभायात्रा निकाली गई। भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के एक दिन पूर्व से ही सिंगोड़ी भक्ताम्बर महिला मंडल द्वारा अखंड 24 घंटो का भक्ताम्बर पाठ रखा गया जिसमें समाज के सभी लोग सहभागी बने।



भक्ताम्बर पाठ समापन के पश्चात आरती कर जिनवाणी पालकी जी शोभायात्रा ग्राम के संछिप्त मार्ग से निकाली गई जिसमे जैन बंधुओ ने अपने निवास ओर प्रतिष्ठान के सामने माँ जिनवाणी की आरती की, तत्पश्चात मंदिर जी में संगीतमय मंदिर विधि का सामूहिक पाठ हुआ। पंडित हेमचंद ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डाला और महावीर स्त्रोत का वांचन किया।

तदपुरान्त आरती प्रसाद एवं तिलक सम्पन हुआ। महिला मंडल के पात्र भावना का आयोजन किया गया। इस अवसर समाज के समस्त वरिष्ठ जन, साधर्मी बंधु, माताएं, बहनें, युवा और बच्चें बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुये।

## 15 अप्रैल को ऐथेलेटिक्स कैम्प का होगा समापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला ऐथेलेटिक्स संघ के कोच एवं सचिव राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुये बताया कि 1 अप्रैल से स्टेडियम ग्राउण्ड में ऐथेलेटिक्स कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका 15 अप्रैल 2025 को समापन किया जायेगा। उसी दिन एनआईडीजेएनएम राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु 14 व 16 वर्ष के बालक बालिकाओं का चयन किया जायेगा।



यह प्रतियोगिता 15 जून 2025 को तिरूपति में आयोजित की जा रही है। चयनित खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। ऐथेलेटिक्स कैम्प में ऐथेलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अभय दुग्गढ़ का भरपूर सहयोग मिल रहा है कोच के रूप में राजेन्द्र सिंह ठाकुर व सुमंत लकड़ा, यश कुमार, शिवम् यादव, तुषार कनौजिया आदि का सहयोग सराहनीय है।

# जिला जेल में साध्वी प्रतिमा बहन का सत्संग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशानुसार जिला जेल में कैदियों के उत्थान हेतु कई धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं। इसी कड़ी में प्रतिमाह अनुसार शिष्या साध्वी प्रतिमा बहन का दिव्य सत्संग सम्पन्न हुआ।



साध्वी बहन ने जेल में निवासरत बंदियों को बताया कि आप इसे जेल ना समझें। यह एक तपस्या स्थली है। ऐसा सोचें हमको ईश्वर ने ध्यान, भजन, कीर्तन करने के लिए एकांतवास दिया है।

हम लगभग 3 वर्षो से यहाँ आकर सभी तीज त्यौहार और पर्व मनाते हैं। अभी चैत्रमास का महीना चल रहा है। यह बहुत ही पुण्यदायी मास है। इस मास में भगवान श्रीराम, महावीर स्वामीजी, हनुमानजी, नवरात्रि और पूज्य बापूजी का अवतरण दिवस आता हैं। बहुत से महापुरुषों का जन्म चैत्रमास में हुआ है।

भगवान महावीर स्वामी ने हमें अहिंसा परमो धर्म का सन्देश दिया है। हम सबको उनका यह उपदेश जीवन मे धारण करना चाहिए। जेल के उच्च अधिकारियों से ज्ञात हुआ है कि हमारे सत्संग से बहुत से बन्दियों ने नशे से और अपराध से तौबा कर ली है उन्होंने शपथ ली है बुराइयों से दूर रहेंगे।

# आबकारी टीम की छापेमार कार्रवाई, महुआ लाहन नष्ट किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं ज़िला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी अमले द्वारा प्रातः वृत्त प्रभारी आकाश मेश्राम के नेतृत्व में सर्वप्रथम ग्राम सोमाढाना में जंगल में बहने वाले नाले के किनारे पानी के अंदर छुपाकर रखी गई प्लास्टिक की पन्नियों में भरे हुए महुआ लाहन को खोलकर विधिवत नष्ट किया गया।





इसके बाद ग्राम के ही गोसाईढाना में जंगल के अन्दर प्लास्टिक के ड्रमों में भरकर रखे हुए महुआ लाहन को भी विधिवत नष्ट किया गया। अंत में ग्राम गंगई में डैम के किनारे प्लास्टिक की पन्नियों में भरकर रखे गए महुआ लाहन को खोजकर विधिवत नष्ट किया गया तथा मौके पर पाई गई हाथ भट्टी मदिरा आबकारी विभाग द्वारा कब्जे में ली गई।

इस कार्यवाही में कुल 8 प्रकरण दर्ज कर 7,500 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया गया तथा 40 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी विभाग द्वारा कब्जे में ली गई। इस कार्यवाही में सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी कैलाशचंद्र चौहान, भारती गोंड, आबकारी उप निरीक्षक जीत सिंह धुर्वे, अनिकेत पटेल सहित आबकारी आरक्षक उपस्थित थे।

इस कार्यवाही के बाद आबकारी टीम द्वारा रिंग रोड के किनारे होटल-ढाबों की गहन तलाशी लेकर प्रतिष्ठा ढाबा, उड़ता पंजाब ढाबा, खालसा ढाबा के संचालकों के विरुद्ध कुल 27 बीयर की कैन जप्तकर म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।

गत दिवस भी हाइवे हांडी ढाबा से कुल दो शराब की बोतल सहित 13 पाव व्हिस्की जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया था। इस तहर गत रात्रि में परासिया क्षेत्र के आबकारी अमले द्वारा गढ़ेवाल भोजनालय, जायसवाल भोजनालय एवं खालसा होटल से 12 पाव व्हिस्की एवं 05 बोतल बीयर जप्त कर उनके संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किये गये।